शनिवार 05 अगस्त, 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय के बेटे की मौत, ब्रेन हेमरेज को बताई वजह



## खुशखबरी... सहारा समूह के निवेशकों का फंसा पैसा मिलने लगा वापस

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से जमाकर्ताओं को हस्तांतरित की दावा राशि

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सहारा समूह के निवेशकों का फंसा पैसा अब वापस मिलने लगा है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उन निवेशकों को बड़ा तोहफा दिया। शाह ने शुक्रवार को दिल्ली में सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से सहारा समूह की सहकारी समितियों के जमाकताओं को दावा राशि हस्तांतरित की।



उन्होंने कहा कि अब तक 18 लाख लोगों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाया है। कुछ दिन पहले ही अमित शाह ने सहारा रिफंड पोर्टल को लांच किया था। सहारा में लाखों लोगों का करोड़ों में पैसा फंसा है। पैसा वापस पाने के लिए लोग पोर्टल पर दिए गए लिंक पर जाकर भी ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

### 112 लाभार्थियों के खाते में 10-10 हजार रु. ट्रांसफर

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहारा निवेशकों के क्लेम अमाउंट को ट्रांसफर करने हुए कहा कि सहारा निवेशकों के पैसे रिफंड होने शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आज 112 लाभार्थियों के खाते में 10-10 हजार रुपए की पहली किस्त हस्तांतरित की गई है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सहारा रिफंड पोर्टल लॉन्च किए जाने के बाद से 18 लाख लोगों ने इसपर पंजीकरण कराया है।

### शाह ने कुछ दिन पहले ही लांच किया है रिफंड पोर्टल

आपको बता दें कि अमित शाह ने बीते दिनों सहारा रिफंड पोर्टल को लांच किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि 45 दिनों के अंदर निवेशों के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिया जाएगा। उन्होंने सहारा रिफंड पोर्टल पर गांवों एवं दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों का ध्यान रखते हुए प्रक्रिया में कामन सर्विस सेंटर को भी शामिल किया। शाह ने कहा कि पहले फेज में कुल 4 करोड़ निवेशकों को रिफंड दिया जाएगा। 5000 करोड़ रुपए के रिफंड के बाद, हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे और उनसे ज्यादा फंड जारी करने का अनुरोध करेंगे।

### आसान है सहारा रिफंड पोर्टल पर आवेदन करना

सहारा रिफंड पोर्टल पर आवेदन करना काफी आसान है। ऐप में रजिस्ट्रेशन करने के बाद आपको सहारा रिफंड पोर्टल के होम पेज पर जाना होगा। इसके बाद आपको डिपॉजिट लॉगइन पर क्लिक करना होगा। अब डिपॉजिट लॉगइन पेज पर अपने आधार कार्ड के आखिरी 4 अंक और आधार से जुड़े मोबाइल नंबर को सही-सही भरना होगा। अब आपको Get OTP पर क्लिक करके OTP दर्ज कर ओटीपी वेरिफिकेशन पर क्लिक करना होगा। अगर आपकी दावा राशि 50000 रुपये या उससे अधिक है तो आपको अपना पैन कार्ड देना होगा।

## ज्ञानवापी मामले में एएसआई सर्वे जारी रखने का आदेश

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मुस्लिम पक्ष को झटका

**एजेंसी/नई दिल्ली**

ज्ञानवापी परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण को सुप्रीम कोर्ट से हरी झंडी मिल गई है। शीर्ष कोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। मुस्लिम पक्ष की ओर से सर्वे की इजाजत देने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एएसआई ने स्पष्ट किया है कि पूरा सर्वेक्षण बिना किसी खोदाई और संरचना को बिना कोई नुकसान पहुंचाए पूरा किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण की पूरी प्रक्रिया बिना तोड़फोड़ वाली पद्धति से संपन्न की जाएगी। शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के निर्देश को दोहराते हुए कहा कि सर्वेक्षण के दौरान कोई खोदाई नहीं होगी। इससे पहले चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने एएसआई के हलफनामे पर ध्यान दिया कि वह अपने सर्वेक्षण के दौरान कोई खोदाई नहीं कर रहा है और दीवार आदि के किसी भी हिस्से को नहीं छुआ जाएगा। कोर्ट ने पूछा कि उसे इस स्तर पर वैज्ञानिक सर्वेक्षण में हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए? अयोध्या मामले में भी अरक ने सर्वेक्षण किया था। एएसआई के सर्वे से दिक्कत क्या है? इस पर मस्जिद पैनल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि एएसआई सर्वेक्षण का इरादा इतिहास में यह जानने का है कि 500 साल पहले क्या हुआ था, यह अतीत के घावों को फिर से खोल देगा।

### मुस्लिम पक्ष की दलील

मुस्लिम निकाय अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने दलील दी कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की यह कवायद इतिहास को कुरेदने और पूजा स्थल अधिनियम का उल्लंघन करने के लिए की जा रही है। इससे भाईचारे और धर्मनिरपेक्षता प्रभावित होगी।

## केदारनाथ धाम में तेज बारिश से दरकी चट्टान, 13 लोग लापता

**गौरीकुंड।** केदारनाथ धाम के मुख्य पड़ाव गौरीकुंड स्थित डाक पुलिया के पास पहाड़ी से पत्थर टूट कर दो दुकानों पर गिरने से दुकानें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। सूचना के अनुसार 13 लोग लापता बताए जा रहे हैं। घटनास्थल पर एसडीआरएफ की टीम खोजबीन में जुट गई है प्रदेश के विभिन्न पहाड़ी इलाकों में बीती रात से बारिश हो रही है। बरसात के कारण गौरीकुंड में पहाड़ी से पत्थर टूट कर दुकानों पर गिरे हैं।

गुरुवार रात तक 10 लोगों के लापता होने की सूचना थी पर यह संख्या बढ़कर 13 हो गई है। इसमें से 7 लोग नेपाल मूल के रहने वाले बताए जा रहे हैं। जबकि बाकी अन्य राज्यों के हैं। यह सभी लोग वहां काम करने वाले बताए जा रहे हैं। नेपाली मूल के लोग दंडी कंडी के सहारे तीर्थ यात्रियों को केदारनाथ धाम तक ले जाते हैं। डाक पुलिया के पास नदी का जलस्तर भी बढ़ा हुआ है। सुबह अचानक पहाड़ी से पत्थर टूट कर दुकानों पर गिर गए जिस कारण दुकानें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पहाड़ों पर निरंतर हो रही बारिश के कारण पहाड़ दरक रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम केस में दी बड़ी राहत, बहाल होगी राहुल की संसद सदस्यता

# राहुल गांधी की सजा पर 'सुप्रीम' रोक

- सुप्रीम कोर्ट ने अपील लंबित रहने तक सजा पर लगाई रोक
- गुजरात हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बताया दिलचस्प

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मोदी सरनेम केस में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को बड़ी राहत देते हुए गुजरात हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए सजा पर रोक लगा दी है। अब राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपील लंबित रहने तक सजा पर रोक लगाई है। कोर्ट ने कहा कि राहुल गांधी को मैक्सिम दो साल की सजा दी गई। निचली अदालत ने ये कारण नहीं दिए कि क्यों पूरे दो साल की सजा दी गई। हाईकोर्ट ने भी इस पर पूरी तरह विचार नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने साथ ही ये भी कहा कि राहुल गांधी की टिप्पणी गुड टेस्ट में नहीं थी। पब्लिक लाइफ में इस पर सतर्क रहना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हाईकोर्ट का फैसला बेहद दिलचस्प है। इस फैसले में ये बताया गया है कि आखिर एक सांसद को कैसे बर्ताव करना चाहिए। कोर्ट में सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की तरफ से वरिष्ठ



**सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को राहत मिलने पर कांग्रेस ने कहा, यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है। सत्यमेव जयते-जय हिंद।**

वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने पक्ष रखा। जबकि दूसरे पक्ष की तरफ से महेश जेठमलानी ने अपनी दलील रखी। राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस संजय कुमार की बेंच सुनवाई कर रही थी। अभिषेक मुन सिंघवी ने कहा कि जो सजा दी गई है वो बहुत कठोर है। मौजूदा समय में आपराधिक मानहानि न्यायशास्त्र उल्टा हो गया है। मोदी समुदाय अनाकार, अपरिभाषित समुदाय है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता के पास मानहानि का दावा करने का कोई अधिकार नहीं था। ऐसा मामला नहीं है कि कोई व्यक्ति व्यक्तियों के समूह की ओर से शिकायत दर्ज नहीं कर सकता है। लेकिन व्यक्तियों का वह संग्रह एक 'अच्छी तरह से परिभाषित समूह' होना चाहिए जो निश्चित और दृढ़ हो और समुदाय के बाकी हिस्सों से अलग किया जा सके।

### केवल भाजपा के लोग ही दायर कर रहे केस: सिंघवी

सिंघवी ने कहा कि मोदी सरनेम व अन्य से संबंधित प्रत्येक मामला भाजपा के पदाधिकारियों द्वारा दायर किया गया है। यह सुनियोजित राजनीतिक अभियान है। इसके पीछे एक प्रेरित पैटर्न दिखाता है। राहुल गांधी इन सभी मामलों में केवल आरोपी हैं, दोषी नहीं हैं, जैसा कि हाईकोर्ट ने निष्कर्ष निकाला है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपने भाषण में जिन लोगों का नाम लिया था, उनमें से एक ने भी मुकदमा नहीं किया है। दिलचस्प यह है कि 13 करोड़ की आबादी वाले इस 'छोटे' समुदाय में जो भी लोग पीड़ित हैं, उनमें से केवल भाजपा के पदाधिकारी ही मुकदमा दायर कर रहे हैं। क्या ये बहुत अजीब नहीं है। उस 13 करोड़ की आबादी में न कोई एकरूपता है, न पहचान की एकरूपता, न कोई सीमा रेखा है। दूसरा कि यह एक पूर्णेश मोदी ने स्वंय कहा कि उनका मूल सरनेम मोदी नहीं था।

### राहुल ने द्वेषवश पूरे वर्ग को किया बदनाम: जेठमलानी

सिंघवी के बाद पूर्णेश मोदी की ओर से महेश जेठमलानी ने बहस शुरू की। महेश जेठमलानी ने कोर्ट से कहा कि सिंघवी ने भाषण के अपमानजनक हिस्से का उल्लेख नहीं किया है। इस मामले में ढेर सारे सबूत मौजूद हैं। माना कि वह मौजूद नहीं थे लेकिन उन्होंने इसे यूट्यूब पर देखा और पेन ड्राइव में डाउनलोड कर लिया। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने महेश जेठमलानी से पूछा कि स्पीच के कुछ वाक्य मिसिंग थे। कुल 50 मिनट का भाषण है। इसकी तीन सीडी पेश की गई थी। दूसरी सीडी में सूबत हैं। जेठमलानी ने कहा कि स्पीच को पूरे देश ने सुना है। राहुल गांधी का इरादा मोदी सरनेम वाले लोगों को सिर्फ इसलिए बदनाम करना था क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी भी यही सरनेम लगाते हैं। ऐसे में उन्होंने अपने द्वेषवश पूरे वर्ग को बदनाम किया है। इसपर जस्टिस गवई ने कहा कि कितने राजनेताओं को याद रहता होगा कि वो क्या भाषण देते हैं। वो लोग एक दिन में 10-15 सभाओं को संबोधित करते हैं। जेठमलानी ने जवाब दिया कि वो मुकदमे का सामना कर रहे हैं। उनके खिलाफ सबूत हैं।

## काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में मोबाइल के इस्तेमाल पर रोक

**एजेंसी/वाराणसी**

काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। चार तारीख से लेकर सात तारीख तक मंदिर में सुरक्षा को देखते हुए फोन को प्रतिबंधित किया गया है। सुबह सात बजे से ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सर्वे होना है। इसी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। कार्यालय पुलिस उपायुक्त सुरक्षा पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी की ओर से प्रेस रिलीज कर बताया गया है कि आम जनमानस/श्रद्धालुओं से अपील की जाती है कि 4 अगस्त से 7 अगस्त 2023 तक काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में मोबाइल फोन का इस्तेमाल पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। कृपया ऋद्धालुओं से अनुरोध है कि मोबाइल फोन लेकर न आएं।

गौरतलब है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का एएसआई की ओर से सर्वेक्षण कराए जाने के अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। वाराणसी की जिला अदालत के 21 जुलाई के एक आदेश में शहर में स्थित ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से कराने का आदेश दिया था।




विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स, हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मै मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल

लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन

विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर

मोबाईल नम्बर - 9122950441



' मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा '

## अहंकार की भाषा बोल रहे हैं जदयू के नेता : सम्राट चौधरी

**पटना।** बीते दिन लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के बीच तीखी नोंक- झोंक हुई। ललन सिंह ने लोक लाज की बात करते हुए भाजपा पर निशाना साधा तो वहीं अमित शाह ने भी पलटवार करते हुए जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष को खूब सुनाया और कहा कि लोक लाज की बात वह ना ही करे तो ठीक हैं क्योंकि यह उनके मुंह से शोभा नहीं देती है। वहीं इस मामले को लेकर बिहार की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। बिहार बीजेपी ने ललन सिंह के व्यवहार को अमर्यादित करार देते हुए जमकर निशाना साधा है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि जदयू के नेता अहंकार की भाषा बोल रहे हैं। उनका असली चेहरा यही है। पूरी नता देख रही है, जदयू के नेता कैसे बयान दे रहे हैं। किस तरह की बोली बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि, संसद भवन हमारे लोकतंत्र का मंदिर है। उस मंदिर में एक सीनियर मेंबर के साथ जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐसा बर्ताव अमर्यदित है। पूरी दुनिया देख रही है। हम इसका विरोध करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ललन सिंह के भाषा से उनकी अहंकार झलकता है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार में भी अहंकार आ गया है। जिस कारण उनकी पार्टी के नेता भी अहंकारी हो गए है। वहीं, उन्होंने कहा कि पूरा देश नरेंद्र मोदी के साथ है। फिर से मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार बनेगी।

### गुत्थी उलझी: पहले आत्महत्या करने की वायरल हो रही थी सूचना

# पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय के बेटे की मौत, ब्रेन हेमरेज को बताई वजह

- ♦ पटना स्थित घर में हुई घटना, हुलास पांडेय ने थाने में आवेदन देकर कहा- बाथरूम में स्नान करने के दौरान गिरने से सिर में आई थी गंभीर चोट
- ♦ मामले की छानबीन में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में बाहुबली नेता और पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय के 15 वर्षीय बेटे की शुक्रवार को मौत हो गई। पहले इसे आत्महत्या बताया गया था। अब पूर्व एमएलसी पांडेय ने थाने में लिखित आवेदन देकर बाथरूम में गिरने की वजह से बेटे की मौत होने की बात कही है। इस संबंध में पटना में पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय ने शास्त्रीनगर थाने में लिखित आवेदन देकर कहा है कि उनका बेटा शुक्रवार सुबह बाथरूम में स्नान करने के दौरान गिर गया था, इससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। उसे राजाबाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान बेटे की मौत हो गई। वहीं, थानेदार रामशंकर सिंह ने बताया कि पिता का आवेदन मिला है। मेडिकल रिपोर्ट में ब्रेन हेमरेज से मौत की बात सामने आ रही है। बता दें कि शुक्रवार सुबह सबसे जो जानकारी सामने आई थी, उसमें पांडेय के बेटे के खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लेने की बात कही गई थी। घटना शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के राजाबाजार स्थित पांडेय के आवास पर हुई।



घटना की सूचना मिलते ही शास्त्रीनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई थी। यह भी बताया गया था कि घटना में जिस पिस्टल का इस्तेमाल किया गया, वह लाइसेंसी है। एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया गया, प्राथमिक जानकारी में खुद को गोली मारने की वजह के बारे में कुछ भी नहीं बताया गया था। ऐसे में अब बिहार के बाहुबली नेता पूर्व एमएलसी के पुत्र ने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली या बाथरूम से गिरने से मौत हुई इसकी जांच शास्त्रीनगर थाने की पुलिस कर रही है।

**चिराग पासवान के करीबी हैं हुलास पांडेय:** हुलास पांडेय लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान के करीबी हैं। वह बक्सर से विधान परिषद के सदस्य चुने गए थे। तरारी से विधायक रहे बाहुबली सुनील पांडेय उनके भाई हैं। बिहार के बक्सर, भोजपुर और रोहतास जिले में पांडेय का काफी प्रभाव माना जाता है। बिहार में साल 2020 के विधानसभा चुनाव में लोजपा के टिकट पर ब्रह्मपुर विधानसभा सीट से वह चुनाव हार गए थे। हुलास पांडेय के खिलाफ रंगदारी, हत्या, खतरनाक हथियार रखने सहित कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। शास्त्रीनगर थानाध्यक्ष रमाशंकर सिंह ने मौत की पुष्टि की है, लेकिन उन्होंने कारण नहीं बताया है। बताया गया कि पुलिस ने अस्पताल से मौत के संबंध में जानकारी ली है। बताया गया कि चिकित्सक ने चोट से मौत की बात कही है।

## पटना में इंडिगो की फ्लाइट की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में एक फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने इस बात की जानकारी दी है। बताया जा रहा कि इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ए 2433 जो पटना से दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के 3 मिनट बाद ही इसके एक इंजन में कुछ खराबी की सूचना मिली। जिसके बाद तुरंत ही फ्लाइट को वापस बुला लिया गया। पटना एयरपोर्ट पर एयरक्राफ्ट को सुबह 9 बजकर 11 मिनट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। पटना में इमरजेंसी लैंडिंग के बाद पायलट ने बताया कि विमान में और कोई खराबी की सूचना नहीं है। मामले की जांच चल रही। किसी और सहायता की आवश्यकता फिलहाल नहीं है।

उधर पटना एयरपोर्ट पर सभी विमानों का परिचालन सामान्य रूप से चल रहा। ये बात पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने बताई। बताया जा रहा कि शुक्रवार सुबह इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6 ए 2433 पटना से दिल्ली जा रही थी। इसी दौरान उड़ान भरे के कुछ मिनट बाद ही फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। यह इमरजेंसी लैंडिंग इंडिगो की फ्लाइट के इंजन में खराबी की वजह से करानी पड़ी। मिली जानकारी के अनुसार पायलट ने इंजन में कुछ खराबी महसूस की। जिसकी वजह से विमान को तुरंत रनवे पर उतार लिया गया।

### एक नजर

## चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर बोले... नीतीश कुमार ने चुनाव लड़ना वर्षों पहले छोड़ दिया है



**समस्तीपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने हमला करते हुए शुक्रवार को बड़ा बयान दिया। कड़ी टिप्पणी करते हुए पीके ने न सिर्फ नीतीश कुमार पर निशाना साधा बल्कि जनता से सवाल किया। कहा कि नीतीश कुमार अंतिम बार चुनाव कब लड़े थे ये किसी को याद है? पीके ने खुद ही जवाब दिया और कहा कि नीतीश कुमार ने चुनाव लड़ना वर्षों पहले छोड़ दिया है। जेडीयू के नेता और बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार ने बयान दिया था कि यूपी के कई इलाकों से मांग हो रही है कि नीतीश कुमार वहां से चुनाव लड़ें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर यूपी के फूलपुर से लोकसभा 2024 का चुनाव लड़ने वाले इसी बयान पर तंज कसा। प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार जीवन में कोई चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं कर सकते हैं, कहिए तो लिखकर दे दें। प्रशांत किशोर ने कहा कि चुनावों की जितनी समझ मुझे है नीतीश कुमार चुनाव लड़ने की हिम्मत कर ही नहीं सकते हैं। आप फूलपुर की बात कर रहे हैं, बिहार में चुनाव लड़ने की उनके अंदर हिम्मत ही नहीं है। पीके ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार एक पंचायत, एक गांव बिना सुरक्षा के चल नहीं सकते हैं।

## बीएड व आईटीआई डिप्लोमा करनेवाले छात्रों को नीतीश सरकार देगी लोन की सुविधा

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी योजना स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के लाभ का दायरा अब नए पाठ्यक्रमों के लिए बढ़ाया गया है। इसके तहत अब उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बीएड और आईटीआई डिप्लोमा करने वालों को राज्य सरकार बड़ा लाभ देगी। शिक्षा विभाग ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सेवाओं के तहत अब बीएड और आईटीआई डिप्लोमा करने वालों भी ऋण मुहैया कराने को मंजूरी दे दी है। बता दें कि, इसके तहत दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत विद्यार्थियों को 2 लाख 90 हजार रुपये का ऋण मिलेगा। वहीं आईटीआई के दो वर्षीय पाठ्यक्रम करने वालों को इस योजना के तहत 2 लाख रुपये के ऋण मिलेंगे। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड ऋण योजना में हुए इस बदलाव के बाद बिहार के विद्यार्थियों को 10 अलग अलग पाठ्यक्रमों की शिक्षा के लिए 2 लाख रुपये से 4 लाख रुपए तक ऋण दिये जायेंगे। एमटेक के लिए भी 2.5 लाख का स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड ऋण मिलेगा।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को
एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई



AMRTCL CONSTRUCTIONS
Your Trust & Our Services

A Revolutionary Initiative

- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126

Towrds STARTUP
IN the feild of Environment-Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths

Moments and Accolades







Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

## खबरें फटाफट

### शहीद दिवस पर नगर परिषद के सभी वार्ड सदस्यों को दिया आमंत्रण

**डुमरांव।** शहीद स्मारक समिति की एक बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। जिसमें 9 अगस्त क्रांति दिवस के दिन डुमरांव नगर परिषद के चेयरमैन, वाइस चेयरमैन तथा सभी 35 वार्डों के वार्ड सदस्यों को शहीद स्मारक समिति द्वारा आयोजित शहीद सम्मान कार्यक्रम में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि सभी वार्ड पार्षद, मुख्य व उप मुख्य पार्षद डुमरांव के अमर शहीदों को माल्यापर्ण कर उन्हें नमन करेंगे तथा उनके बलिदानों पर प्रकाश डालेंगे। बैठक की अध्यक्षता अजय चंद लोदी ने व संचालन महेन्द्र राम ने किया। मौके पर बिजली राम, दीनानाथ सिंह, गुलाब चंद्रवंशी, प्रभुनाथ सिंह समेत कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बक्सर स्टेशन पर सो रहे यात्री का फोन चुराते चोर गिरफ्तार

**बक्सर।** बक्सर आरपीएफ की टीम ने आपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत शुक्रवार को एक रेल यात्री के पाकेट से मोबाईल फोन चुराते एक चोर को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चोर को बरामद मोबाईल के साथ जीआरपी को सौंप दिया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए आरपीफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि शुक्रवार को एएसआई सुबोध कुमार सिपाही राजमुकुल कुमार एवं अशोक कुमार द्वारा सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से देखा गया कि एक युवक बक्सर रेलवे स्टेशन के पोर्टिको में सोए व्यक्ति के पास बैठ उसकी पैंट की जेब से मोबाइल निकाल रहा है। जिसके बाद आरपीएफ की टीम ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार चोर की पहचान औद्योगिक थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव के सुभाष राजभर के पुत्र चुनमुन राजभर के रूप में हुई है।

## एसपी के निर्देश पर अनुमंडल के सभी थानों में चलाया गया अभियान

# लूट की दो बड़ी घटनाओं के बाद अलर्ट मोड में पुलिस, चलाया जांच अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**





गुरूवार को कृष्णा ब्रह्म थाना क्षेत्र के छोटका ढकाईच के पास दिनदहाड़े सीएसपी संचालक से 3.68 हजार की लूट तथा इसके पहले मंगलवार की शाम धनसोई थाना क्षेत्र में रोहतास के किराना व्यवसायी के स्टाफ से 1.32 लाख रूपए की लूट की सीरियल घटनाओं के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर डुमरांव अनुमंडल की पुलिस ने शुक्रवार को पूरे दिन सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों के कागजात देखने के साथ ही डिक्की की तलाशी ली गई। जबकि सभी बैंकों की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है।

बैंक परिसर में शक के आधार पर पुलिस संदिग्धों से पूछताछ तथा बैंक आने के कारणों पड़ताल भी कर रही थी। डुमरांव थाना के अलावे कोरानसराय, कृष्णाब्रह्म, मुरार, नावानगर, नया भोजपुर ओपी, वासुदेवा ओपी आदि थाना की पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाए जाने की सूचना मिली है। डुमरांव थाने में दर्जनों वाहनों को पकड़ उनसे जुमार्ना वसूला गया। बता दें कि शुक्रवार को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 922 पर हथियारबंद लूटेरों ने डुमरांव एसबीआई से पैसा लेकर जा रहे कृष्णाब्रह्म के सीएसपी संचालक सुबोध रंजन लाल से हथियार के बल पर 3.68 लाख रूपए लूट लिए थे। इस घटना के बाद एसपी काफी सख्त दिखे। वे गुरूवार को ही घटना स्थल पहुंचन जांच पड़ताल करने के साथ ही डुमरांव थाना में एसडीपीओ तथा अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अपराध पर लगाम लगाने तथा लूटेरों को पकड़ने की रणनीति बनाई थी। इसी दौरान वाहन चेकिंग अभियान व पुलिस गश्त को तेज करने का निर्देश भी दिया था। एसपी के निर्देश का असर शुक्रवार को पूरे दिन देखने को मिला।

### 24 घंटे बाद भी खाली हाथ है पुलिस

सीएसपी संचालक से लूट के 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस लूटेरों की गिरफ्तारी तो दूर उनकी शिनाख्त भी नहीं कर सकी है। वैसे पुलिस लूटेरों की धर पकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी करने के साथ ही मुखबिरों व तकनीकी साधनों का सहारा ले रही है। दूसरी तरफ मंगलवार की शाम हुए किराना व्यवसायी से लूट मामले में भी पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी है। लूटेरों की गिरफ्तारी नहीं होने से व्यवसायियों में खौफ कायम है।

**क्या कहते हैं एसडीपीओ**

सीएसपी संचालक से लूट मामले की पड़ताल की जा रही है। पुलिस लुटेरों की शिनाख्त कर रही है। जल्दी ही उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। – **अफाक अख्तर अंसारी, एसडीपीओ, डुमरांव**

## शहीद दिवस पर स्वयंशक्ति निकालेगी 501 फीट लंबा तिरंगा यात्रा, बैठक में बनी रणनीति

**केटी न्यूज/डुमरांव**



सन 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान शहीद हुए डुमरांव के अमर शहीदों की याद में स्वयंशक्ति संगठन 501 फीट लंबा तिरंगा यात्रा निकालेगी। यह तिरंगा यात्रा शहीद दिवस 16 अगस्त को निकाला जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। शुक्रवार को स्वयं शक्ति संगठन की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें तिरंगा यात्रा को सफल बनाने पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता राजेश मिश्र ने व संचालन नगर परिषद के उप मुख्य पार्षद विकास ठाकुर ने किया। इस दौरान तय किया गया कि शहीद दिवस पर भव्य तिरंगा यात्रा निकाला जाएगा। इसके मद्देनजर एक तैयारी समिति का गठन किया गया। जिसमें भीम मिश्र को अध्यक्ष, राजेश मिश्र, धीरज मिश्र, रॉबिन चौबे, मनीष मिश्र तथा सुमित गुप्ता को मार्गदर्शक मंडल का सदस्य, अविनाश उर्फ बप्पी त्रिपाठी को मीडिया प्रभारी तथा मुन्ना पांडेय व अभिषेक जायसवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। जबकि व्यवस्थापक विकास ठाकुर को बनाया गया है। यह समिति शुक्रवार से ही तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में जुट गई है। बता दें कि भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान डुमरांव के चार क्रांतिकारी शहीद हुए थे। जिनके सम्मान में हर साल 16 अगस्त को शहीद दिवस मनाया जाता है। बैठक में मनीष मिश्र, अजित एजे, बिट्टू चौधरी, अंकित केशरी, रितुराज पांडेय, अभिषेक समेत अन्य मौजूद थे।

## कल से रामेश्वरनाथ मंदिर में शुरू होगा लक्ष्मीनारायण यज्ञ

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर के रामेश्वरनाथ मंदिर परिसर में 6 अगस्त को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह सह लक्ष्मीनारायण यज्ञ का आयोजन हो रहा है। जबकि इसकी पूणार्हूति 13 अगस्त को होगी। इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। यह यज्ञ आचार्य कृष्णानंद शास्त्री पौराणिक जी महाराज के निर्देशन में आयोजित होगा। जहां आचार्य कृष्णानंद शास्त्री जी महाराज के मुखारबिंद से भागवत कथा का रसपान भक्त श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। पंद्रहवा धमार्योजन सर्वजन कल्याण सेवा समिति सिद्धाश्रम धाम बक्सर के संयोजकत्व में इस यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में कथावाचक आचार्य कृष्णानंद शास्त्री पौराणिक जी महाराज ने कहा कि वैसे तो भगवान की पूजा की अनन्त विधियों का वर्णन मिलता है। किन्तु मनुष्य अपने पैरों से भी भगवान की पूजा कर सकता है। यह विधि अत्यल्प लोगों को पता है। सर्व जन कल्याण सेवा समिति यह सौभाग्य जिले वासियों को 6 अगस्त 2023 दिन रविवार को सुलभ कराने जा रही है। कलश यात्रा सह नगर भ्रमण रविवार को प्रातः 7 बजे रामरेखा घाट स्थित रामेश्वर नाथ मन्दिर से निकलेगी।

## एक नजर

### डुमरांव स्टेशन पर प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए संघर्ष करेगी रेल यात्री कल्याण समिति



**डुमरांव।** शुक्रवार को रेल यात्री कल्याण समिति डुमरांव की बैठक स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास स्थित महावीर मंदिर में की गई। जिसकी अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सुनील सिद्धार्थ ने व संचालन रेलयात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने की। बैठक में 6 अगस्त को डुमरांव स्टेशन के विकास से संबंधित शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान राजीव रंजन सिंह ने कहा कि यात्री सुविधाओं को दुरुस्त कराने एवं स्टेशन के गौरवशाली अधिकार को मूर्त रूप देने के लिए हम सभी का संघर्ष जारी रहेगा एवं आगामी दिनों में प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए भी शंखनाद किया जाएगा। इस दौरान उनके द्वारा काशी-पटना जन शताब्दी एक्सप्रेस, सिकंदराबाद एक्सप्रेस के ठहराव के साथ पटना-कोटा एक्सप्रेस का डुमरांव स्टेशन पर नियमित ठहराव की भी बात कही गई। समिति के सदस्य युवा नेता दीपक यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र के पुनर्निर्माण की सोच को पुनर्स्थापित करते हुए अमृत भारत योजना के तहत डुमरांव स्टेशन को 17 करोड़ से अधिक राशि से विकसित किया जाएगा। मौके पर चुनमुन प्रसाद वर्मा, विमलेश पाण्डेय, अजय प्रताप सिंह, शक्ति राय, जितेंद्र दुबे, धनंजय पाण्डेय, पवन जायसवाल, विवेक कुमार पाण्डेय, शंकर कुमार, कमलेश कुमार सिंह, अभिषेक रंजन, नीरज सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

### राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के फैसले पर कांग्रेसियों ने जताई खुशी



**बक्सर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर मानहानि केस में गुजरात हाई कोर्ट द्वारा सुनाए गई सजा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने से कांग्रेसियों में खुशी व्याप्त है। शुक्रवार को बक्सर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएन चौबे के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने खुशी जताई व एक दूसरे को मिठाई खिलाई। वहीं डुमरांव में बिहार प्रदेश युवा के उपाध्यक्ष आशुतोष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व मे युवा कांग्रेस के साथियो ने मिठाई बांटी एक दूसरे को बधाईयां दी। पटाखे जलाये। कांग्रेसियों ने सत्यमेव जयते का नारा बुलंद किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष मनोज ठाकुर, कुशलपुर मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा कुमार, युवा कांग्रेस पूर्व उपाध्यक्ष अजय कुमार ओझा, कांग्रेस नेता अर्जुन कुशवाहा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, मंसूर अली, राकेश यादव, अखिलेश केशरी, प्रेम चंद कसेरा संतोष कुमार, दीपक तिवारी आदि उपस्थित थे।



# सीएस ने की अपील... सक्षम लोग कम से कम एक टीबी मरीज को लें गोद

- सिविल सर्जन ने दो टीबी मरीजों को लिया गोद, उपलब्ध कराया पोषण किट
- बोले सीडीओ- अब लोग आगे बढ़कर टीबी मरीजों की कर रहे हैं मदद

**केटी न्यूज/बक्सर**



प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत व टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम को गति देने के लिए जिले के टीबी मरीजों को गोद लिया जा रहा है। ताकि, टीबी मरीजों को सरकार की ओर से मिल रहे निःशुल्क इलाज व पोषण राशि के साथ-साथ जिले के सक्षम लोगों द्वारा पोषण किट व आत्मबल दिलाया जा सके। जिससे टीबी मरीज स्वयं को समाज से अलग न समझें। इस क्रम में सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने भी दो मरीजों को गोद लिया है। इस क्रम में उन्होंने टीबी जिला यक्ष्मा केंद्र में दोनों टीबी मरीजों को पोषण किट भी उपलब्ध कराया। साथ ही, उन्हें आश्वासन दिया कि इलाज की पूरी अवधि के दौरान उनको पोषण किट उपलब्ध कराया जाएगा। इस क्रम में दोनों मरीजों ने सिविल सर्जन का धन्यवाद करते हुए इलाज में कोताही नहीं बरतने और प्रत्येक दिन दवाओं का सेवन करने की बात कही।

**इस अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रयास करें सभी :** सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने बताया, पहले टीबी को एक अभिशाप माना जाता था। लोग टीबी मरीजों से दूरी बना लेते थे। जिसके कारण टीबी के मरीज अपनी बीमारी को बताने से भी डरते थे। लेकिन, आज सरकार व विभाग के प्रयासों की बदौलत हालात में बहुत सुधार हुआ है। जिसे और गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2025 तक टीबी को पूरी तरह से खत्म करने का निर्णय लिया है। जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इस अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए सभी लोगों को अपने स्तर से प्रयास करना चाहिए। इसलिए उन्होंने जिले के सक्षम लोगों से कम से कम एक टीबी मरीज को गोद लेने की अपील की। ताकि, टीबी को खत्म करने के साथ मरीजों को मानसिक रूप से सपोर्ट दिया जा सके। इससे टीबी मरीज खुद को अकेला नहीं समझेंगे और उनके ठीक होने की संभावना सामान्य अवधि से कम हो जाएगी।

**चिकित्सक और सीएचओ ने भी मरीजों को लिया गोद :** जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने भी टीबी मरीजों को गोद लिया है। साथ ही जिले के सक्षम लोगों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लिया जा रहा है। शुरूआत में इसकी गति धीमी रही। लेकिन, अब लोग आगे बढ़कर टीबी मरीजों की मदद कर रहे हैं। जो अपने आप में सराहनीय है। उन्होंने बताया कि दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, रात के समय में बुखार आना, बलगम में खून आना, वजन का कम होना व रात को सोते समय पसीना आना आदि लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी जांच केंद्र में अपनी टीबी की जांच करवानी चाहिए। टीबी से पीड़ित मिलने पर मरीज को सरकार की ओर से मुफ्त दवाइयां उपलब्ध करवाई जाती है। अधिसूचित रोगी का जब तक उपचार चलता है, तब तक प्रतिमाह 500 रुपये वित्तीय सहायता प्रोत्साहन राशि निक्षय पोषण योजना के तहत सीधे मरीज के खाते में भेजी जाती है।

## 28 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी पुलिस ने स्थानीय गांव से 28 लीटर महुआ शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर सोनवर्षा गांव के शंभू सिंह व अनूप यादव है। जो अपने घर के पास शराब की बिक्री कर रहे थे। बताया जाता है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सोनवर्षा गांव में शराब की बिक्री हो रही है। सूचना पर सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने चिन्हित दो स्थानों पर छापेमारी किया। छापेमारी में दो स्थान से शराब से भरी एक-एक गैलेन पुलिस के हाथ लगी। दोनों गैलेन में 14-14 लीटर महुआ शराब था।

## 134 पीस फ्रूटी पैक के साथ दो गिरफ्तार

**सिमरी।** रामदास राय के डेरा ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोईलवर तटबंध के पास से 134 पीस 8 पीएम ब्रांड शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी बाइक भी जब्त कर ली है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के दुल्हपुर गांव निवासी रिजवान अंसारी व राकेश कुमार के रूप में हुई है।

### घटना के बाद पुलिस महकमा सख्त, गिरफ्तारी का प्रयास तेज

# सोनवर्षा पुलिस पर हमला करने वाले दो दर्जन लोगों पर केस दर्ज

**केटी न्यूज/नावानगर**



गुरूवार की शाम शराब की टोह में थाना क्षेत्र के मौडीहा अनुसूचित जाति बस्ती में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला कर दिया था। जिसमें ओपी प्रभारी सुनील कुमार का हाथ टूट गया था जबकि एक अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हुआ था। इस मामले में जख्मी ओपी प्रभारी के बयान पर दो दर्जन ग्रामीणों पर नामजद एफआईआर दर्ज किया गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए रणनीति बना रही है। वैसे इस घटना के बाद पुलिस महकमा काफी सख्त हो गया है। ग्रामीणों के हमले में ओपी प्रभारी के घायल होने के बाद स्थानीय पुलिस की किरकिरी पूरे जिले में हुई है। जिस कारण पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए जल्दी ही बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान शुरू करेगी। पुलिस सूत्रों की मानें तो पुलिस टीम पर हमला करने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। इसके लिए पुलिस के अधिकारी रणनीति बना रहे है। गौरतलब है कि गुरूवार की शाम शराब की सूचना पर सोनवर्षा ओपी पुलिस मौडीहा दलित बस्ती में छापेमारी करने गई थी। इस दौरान बस्ती वालों ने पुलिस टीम को देखते ही उनपर हमला कर दिया। जिसमें ओपी प्रभारी तथा एक अन्य पुलिसकर्मी जख्मी हो गए। आलम यह था कि पुलिसकर्मियों को भागकर अपनी जान बचानी पड़ी थी।

### बलिहार मामले में पुलिस के हाथ खाली

वहीं बुधवार की रात सिमरी थाना क्षेत्र के बलिहार गांव में भी पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपी अभी तक गिरफ्त से बाहर है। दोनों घटनाओं में खास यह कि दोनों जगहों पर शराब तस्करों द्वारा पुलिस को निशाना बनया गया है। जिस कारण पुलिस भी अब शराब तस्करों को पकड़ने के लिए काफी सचेत हो गई है। वही पुलिस की प्रतिक्रिया की आशंका से दोनों जगहों के आरोपी घर छोड़ फरार हो गए है।

**क्या कहते हैं एसडीपीओ**

इस संबंध में डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने कहा कि पुलिस टीम पर हमला करने वालों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस पर हमला तथा सरकारी काम में बाधा गंभीर अपराध है।

## आरएंडआर प्लान के तहत चौसा में विभिन्न योजनाओं का होगा कार्यान्वयन : डीएम

**बक्सर।** जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को विद्युत तापगृह परियोजना, चौसा अंतर्गत वॉटर पाइप लाइन परियोजना, रेल कॉरिडोर परियोजना के हितबद्ध रैयतों भुगतान एवं आर एंड आर प्लान के तहत कार्यान्वित की जाने वाली योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। जिसमें बताया गया कि विद्युत ताप गृह परियोजना, चौसा अंतर्गत वाटर पाइप लाइन परियोजना एवं रेल कॉरिडोर परियोजना के कुल 77 हितबद्ध रैयतों को 51305851 रुपए भुगतान किया गया। बैठक में आरएंडआर प्लान के तहत विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करने हेतु कार्रवाई करने पर निर्णय लिया गया। जिसमें चौसा प्रखंड में बालिका उच्च विद्यालय, चौसा को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित करना, आदर्श उच्च विद्यालय चौसा के खेल के मैदान को मॉडल खेल का मैदान बनाना, महादेवा घाट, चौसा के पास मैरिज हॉल का निर्माण कराना तथा चौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डायग्नोस्टिक सेंटर का निर्माण कराना शामिल हैं।

## एक नजर

### बक्सर नगर परिषद की ईओ ने जाति आधारित जनगणना कार्य का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**बक्सर।** शुक्रवार को बक्सर नगर परिषद की ईओ प्रेम स्वरूपम ने जाति जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनगणना करने वाले कर्मियों तथा पर्यवेक्षकों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। बता दें कि हाई कोर्ट के फैसले के बाद एक बार फिर से जाति आधारित जनगणना शुरू हो गई है। जिसका नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने शांति नगर में भ्रमण निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी ने गणना कार्य में लगे प्रगणक, पर्यवेक्षक के कार्यों की जांच की तथा खामी पाए जाने पर उसमें सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बस्ती वालों से गणना कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने गणना कार्य में लगे प्रगणकों को चेतावनी दी कि एक भी व्यक्ति या परिवार छूटना नहीं चाहिए।

### स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी तेज



**डुमरांव।** राष्ट्रीय महापर्व स्वतंत्रता दिवस करीब आ रहा है। इसे देखते हुए विभिन्न स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकियों की तैयारी शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को राजहाई स्कूल स्थित राइजिंग सन इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने निदेशक ब्रह्मा ठाकुर के नेतृत्व में घंटों सांस्कृतिक कार्यक्रमों व झांकियों का रिहर्सल किया।

### गृह रक्षा वाहिनी ग्राउंड में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**बक्सर।** पुलिस जवानों की स्वास्थ्य जांच के लिए शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित बाजार समिति ग्राउंड में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत सदर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश सिंह ने बताया कि शिविर के आयोजन के लिए स्वास्थ्य टीम को प्रतिनियुक्त किया गया है। जिसमें आयुष चिकित्सक डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह, डॉ. तौहीद आलम, जीएनएम संदीप कुमार, लैब टेक्निशियन राम उदय कुमार, जेड खान शामिल हैं। साथ ही, शिविर के लिए आवश्यक जांच सामग्री व औषधियों का स्टॉक उपलब्ध कराया दिया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में जवानों की जांच के बाद उन्हें दवाओं के साथ साथ चिकित्सीय सलाह भी दी जाएगी।



### चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव से गुरुवार की रात पकड़ा गया आरोपित

# सफलता: हर्ष फायरिंग के दौरान किशोर की हत्या मामले में तीसरा वांटेड गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव में तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान सीआरपीएफ जवान के बेटे की हत्या में तीसरा वांटेड आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह उसी गांव का रहने वाला धनेश्वर सिंह का पुत्र विजय सिंह है। उसे गुरुवार की रात भदवर गांव से गिरफ्तार किया गया है। वह हत्याकांड का नामजद आरोपित है। इस मामले में पुलिस ने पहले ही कृष्ण कुमार उर्फ करिया सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



- चौथे आरोपित को पकड़ने के लिए छापेमारी जारी
- एक मई की रात नाच देखने के दौरान हुई थी वारदात

गिरफ्तारी के संबंध में शुक्रवार को एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि एक मई की रात भदवर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार के बेटे गुड्डू कुमार का तिलक आया था। इस दौरान लोगों के मनोरंजन के लिए डांस प्रोग्राम आयोजित किया गया था। जिसमें हर्ष फायरिंग भी की जा रही थी। उसी दौरान भदवर गांव के सीआरपीएफ जवान आनंद कुमार के बेटे आर्यन कुमार के गर्दन में गोली लग गयी थी, जिससे उसकी मौत हो गयी थी। उसे लेकर गांव के कृष्ण कुमार उर्फ करिया और विजय सिंह के खिलाफ हत्या की नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। दो अन्य अज्ञात को भी आरोपित बनाया गया था। उसके बाद आरोपितों की गिरफ्तारी को एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की जा रही थी। टीम ने घटना के कुछ दिन के बाद ही कृष्ण कुमार उर्फ करिया और लव कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद दो अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही थी। उसी क्रम में गुरुवार की रात तीसरा आरोपित विजय सिंह भी गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, घटना में चौथे आरोपित की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### यादवपुर गोली कांड में दूसरे पक्ष ने भी मारपीट और फायरिंग की दर्ज कराई प्राथमिकी

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के यादवपुर गोली कांड में दूसरे पक्ष द्वारा भी प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। पिरौंटा निवासी गणपत यादव के बयान पर दर्ज केस में सात लोगों को आरोपित किया गया है। उनमें यादवपुर गांव निवासी अविनाश यादव उर्फ लल्लू यादव, छोटू यादव, रविशंकर यादव, सोमारू यादव, बुधन यादव, उनके पुत्र दीपक यादव और पिरौंटा गांव निवासी गुड्डू यादव उर्फ देवेश यादव शामिल हैं। सभी पूर पूर्व में भैंस चराने के विवाद में रास्ते में घेर कर मारपीट और फायरिंग करने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है गणपत यादव गांव के बीच दीपक पासवान के साथ दो अगस्त की शाम बाजार कर घर लौट रहे थे। तभी यादवपुर मोड़ के पास सभी आरोपितों द्वारा घेर लिया गया और मारपीट की गयी। उसी दौरान गुड्डू यादव उर्फ देवेश यादव द्वारा जान मारने की नीयत से उन पर गोली चला दी गयी। उसमें एक राहगीर को गोली लग गयी। वहीं, मामले में यादवपुर गांव निवासी दीपक यादव ने भी जाप नेता व पूर्व मुखिया पति सहित आठ पर प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### पलंग पर पर सो रहे मां-बेटे की सांप के डंसने से मौत

**आरा।** जिले के पीरो थाना क्षेत्र के कुछई गांव में गुरुवार की देर रात सांप के डंसने से मां-बेटे की मौत हो गयी। शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान अस्पताल ले जाने के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि घरेलु इलाज के चक्कर में दोनों मां बेटे की जान चली गयी। मृतकों में कछुई टोला गांव निवासी पिंटू सिंह की 30 वर्षीय पत्नी ममता देवी और नौ साल का बेटा विशाल कुमार थे।

बताया जा रहा है कि दोनों मां-बेटे घर में पलंग पर सो रहे थे। रात करीब 11 बजे किसी विषैले सांप ने दोनों को डंस लिया। उससे दोनों को पेट में दर्द होने लगा। शुरू में घरवाले गैस की बीमारी समझ घरेलू इलाज किया। बाद में सांप के डंसने का संदेह हुआ। तब तक दोनों की स्थिति काफी बिगड़ चुकी थी। शुक्रवार की सुबह दोनों को पीरो स्थिति एक प्राइवेट हॉस्पिटल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने ममता को मृत घोषित कर दिया। वहीं बेटे की हालत देखते हुए पटना रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन झाड़-फूंक कराने के लिए कांज्या बाबा के पास ले गए। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

# जिले में 11 सितंबर से शुरू होगा मिशन इंद्रधनुष अभियान




**केटी न्यूज/आरा**

- आशा कार्यकर्ताओं की हड़ताल के कारण बढ़ाई गई अभियान की तिथि

गर्भवती महिलाओं के साथ गर्भ में पल रहे बच्चे, 5 वर्ष तक के बच्चों को 12 प्रकार के विभिन्न जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए आगामी 7 अगस्त से शुरू हो रहे मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। निर्धारित तिथि में संशोधन करते हुए हुए अभियान को आगामी 11 सितंबर से आयोजित करने के लिए दिशा निर्देश जारी किया गया है।

राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने सोमवार को पत्र जारी करते हुए नया तिथि निर्धारण किया है। मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान का प्रथम चरण अब 7 अगस्त के जगह पर 11 से 16 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा वही। द्वितीय चक्र आगामी 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तथा तृतीय चक्र 27 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। संशोधित तिथि में बदलाव को लेकर कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी एवं सिविल सर्जन को पत्र के माध्यम से दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**अन्य विभागों से लिया जायेगा सहयोग :** मानदेय में वृद्धि सहित कई मांगों को लेकर आशा कर्मियों का हड़ताल को देखते हुए मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 की तिथि बढ़ाकर 11 सितंबर कर दी गई। हालांकि राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा जारी पत्र में अपरिहार्य कारणवश तिथि में संशोधन करना बताया गया है। वहीं आगामी 10 अगस्त फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एमडीए अभियान भी शुरू होना है, ऐसे में आशा कर्मियों की हड़ताल एमडीए अभियान पर भी असर डाल सकता है। हालांकि जिला स्वास्थ समिति अपने स्तर से विभिन्न विभागों के साथ-साथ जीविका दीदियों की समूह के माध्यम से अभियान को सफल बनाने में जुटी हुई है।

#### टीका से वंचित बच्चों व गर्भवती महिलाओं के लिए यह अभियान

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि 7 अगस्त से मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 शुरू होना था, लेकिन विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार अब यह अभियान 11 सितंबर से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान को लेकर सारी तैयारियां चल रही थी परंतु आशा कर्मियों की हड़ताल की वजह से सर्वे का काम नहीं हो पाया था, क्योंकि अभियान को सफल बनाने के लिए सर्वे करना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि मिशन इन्द्रधनुष अभियान मुख्यत: वैसे महिला एवं बच्चों के लिए संचालित किए जाते हैं जो 12 जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए दिए जाने वाले टीके से वंचित रह गई हो।

## मुखिया एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत दिनांक 02 से 04 अगस्त तक जिले के सभी मुखियागण का जिला स्तरीय एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सिविल सर्जन की अध्यक्षता में ग्रामप्लेक्स में किया गया। कार्यशाला में जिले के सातो प्रखंड के मुखियागण शामिल हुए। जिसमें पटना से आये विशेष प्रशिक्षक अमित कुमार एवं अनमोल कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में परिवार नियोजन से होने वाले सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक विकास के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी तरीका अपनाने के बारे में बारीकी से बताया गया। परिवार नियोजन अपनाने वाले लाभुक को सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया। जिले के सदर अस्पताल सहित सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृव अभियान के तहत प्रत्येक माह 09 एवं 21 तारीख को होने वाले गर्भवती महिला का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में भी लोगों को बताया गया। जिसमें बताया गया कि अस्थायी साधन भी स्थायी साधन की तरह ना केवल कारगर है बल्कि काफी सुरक्षित और प्रभावी भी है।

### स्वास्थ्य कर्मी के घर भीषण चोरी

**जहानाबाद।** पुराना अस्पताल परिसर स्थित एक सरकारी क्वार्टर का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों ने भीषण चोरी की। बता दें कि हुलासगंज सीएचसी में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी विकास कुमार घोसी बाजार स्थित पुरानी अस्पताल परिसर में सरकारी क्वार्टर में रहते हैं। बीते दो दिन पूर्व उनकी मां का देहांत हो गया था। जिसके कारण वह अपने गांव पर चले गए थे और सरकारी क्वार्टर में ताला बंद था। इसी बीच शुक्रवार की सुबह वह किसी कार्य से अपने सरकारी क्वार्टर पहुंचा तो क्वार्टर का पिछला दरवाजा टूटा पाया। जांच के दौरान उन्हें यह पता चला कि उनके घर से लगभग सात लाख रुपए के जेवरात व चालीस हजार नगद एवं लगभग एक से डेढ़ लाख का सामान चुरा लिया गया।

## राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता बहाल होने की प्रक्रिया शुरू होने से कांग्रेसियों में खुशी की लहर

**केटी न्यूज/जहानाबाद**


मोदी सरनेम केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राहुल गांधी के सियासी कैरियर को संजीवनी मिल गई। यह कहते हुए जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमिटी के सभी कांग्रेसी नेता एवं कार्यकताओं ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित काको मोड़ पर देवी मंदिर में पुजा अर्चना के बाद नारियल फोड़ कर वहां उपस्थित लोगों के बीच मिठाईयां बांटी।



मौके पर उपस्थित मीडिया बन्धुओं को सम्बोधित करते हुए गोपाल शर्मा ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, परन्तु पराजित नहीं यह कहावत आज चरितार्थ हुई। भाजपा की झुठी सरकार जिसने लोकतंत्र की हत्या करने की मनसा से देश में मनमानी कर रही है। इसी कड़ी में मोदी सरकार सभी सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग कर रही है। यह सुप्रीम कोर्ट में साबित हो गया। राहुल गांधी के बढ़ते पब्लिक सपोर्ट से घबराकर मोदी जी ने ओछी राजनीति करने की कोशिश में न्यायपालिका को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया। ऐसे में उन लोगों पर मानहानि का केस होनी चाहिए। जिन्होंने राहुल गांधी के ऊपर कीचड़ उछालने का काम कर रहे हैं। हम सब कांग्रेसी सदैव भारत के संविधान और न्यायपालिका पर आस्था व्यक्त किया है। राहुल गांधी भारत के आम आवाम की आवाज हैं। हम सब उनकी पुनः संसद में सदस्यता बहाल होने पर धन्यवाद देते हैं।







# दूसरों को न्याय दिलाने वाले जजों के सुसज्जित आवास होना जरूरी: एजे

- नवनिर्मित बहुमंजिला न्यायिक अधिकारी आवास का हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज ने किया लोकार्पण

**केटी न्यूज/बलिया**

जजेज कॉलोनी स्थित नवनिर्मित बहुमंजिला न्यायिक अधिकारी आवास का लोकार्पण हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह व जिला जज अशोक कुमार सप्तम ने विधिवत पूजन अर्चन कर किया। इस दौरान जजी आवास के नवनिर्मित भवन का विधिवत निरीक्षण किया। इस मौके पर समस्त न्यायिक अधिकारी, क्रिमिनल व सिविल बार के अध्यक्ष सहित पदाधिकारी भी शामिल रहे।



सिविल कोर्ट के जज एवं न्यायिक अधिकारी गण के लिए नवनिर्मित भवन को काफी समय से लोकार्पण का इंतजार था। शुक्रवार को सुबह जज कॉलोनी में पहुंचे हाईकोर्ट के प्रशासनिक जज न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह व जिला जज अशोक कुमार सप्तम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया। इस दौरान शिलापट्ट से पर्दा हटाने के बाद नारियल फोड़कर विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि दूसरों को न्याय दिलाने वाले न्यायिक अधिकारी गण को इस तरह का सुसज्जित आवास होना चाहिए। इस मौके पर डीएम रविन्द्र कुमार, एसपी एस आनंद, प्रधान परिवार न्यायाधीश पृथ्वी पल यादव, श्रद्धा तिवारी, एडीजे हुसेन अहमद, राहुल दुबे, सीजेएम शाम्भवी यादव, तपस्या त्रिपाठी, सर्वेश मिश्र, कविता कुमारी, क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, महासचिव अनिल मिश्र, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्त, पंकज गुप्ता, सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र दुबे, विद्यासागर मिश्र आदि मौजूद रहे।

## बलिया रेलवे स्टेशन के विकास के लिए खर्च किए जाएंगे 41 करोड़

**बलिया।** सांसद वीरेन्द्र सिंह 'मस्त' ने कहा है कि लोकसभा क्षेत्र बलिया के 'रेलवे स्टेशन बलिया' का विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत हो रहा है, जिस पर 41 करोड़ रुपये भारतीय रेल द्वारा खर्च किये जाएंगे। इसमें आकर्षक द्वितीय प्रवेश द्वारा का निर्माण, आधुनिक सुख-सुविधाओं का विस्तार व स्टेशन के दोनों तरफ के अप्रोच रोड का विकास किया जाएगा।

इसके साथ ही प्लेटफर्मो पर यात्री छाजन तथा प्लेटफार्म संख्या 2 एवं 3 पर यात्री सुविधाओं का विस्तार, प्रसारणों का निर्माण, बूकिंग व पार्सल कार्यालय का निर्माण, 12 मीटर चौड़े फूट ओवरब्रिज का निर्माण, यात्रियों के लिए 4 लिफ्ट व 4 एस्किलेटर की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सांसद ने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने से ऋषि-मुनियों तथा वीर सेनानियों की इस धरती पर आने-जाने वाले यात्रियों को एक नया एहसास होगा।

## 7 नामजद व 8 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**बलिया।** चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बढवलिया निवासी विजय चौधरी के साथ गुरुवार रात मारपीट संबंधित लिखित तहरीर पर पुलिस ने 7 नामजद व 8 अज्ञात के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी। बताया जाता है कि विजय चौधरी ने गुरुवार को पेंशन के लिए सएबीआई की स्थानीय शाखा में उसकी मां सुंदरी देवी, उसका बेटा अमन यादव गया था। लगभग 2 बजे दोनों 32000 निकालकर बैंक के मुख्य फाटक से बाहर हो रहे थे कि पहले से घात लगाए स्थानीय कस्बे से ही 15 की संख्या में युवकों ने मारपीट कर उसके बेटे को घायल कर दिया और उसकी जेब से रुपए निकाल लिए। सूचना मिलने पर वो तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और इलाज के लिए अपने बेटे को बलिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया। विजय चौधरी ने अपनी तहरीर में 7 नामजद व कुछ अज्ञात लोगों पर केस दर्ज करने की अपील की है। पुलिस ने मामले में 7 नामजद व 8 अज्ञात लोगों की छानबीन में जुट गई।

कुमार अर्थोपैडिक मल्टी स्पेस्लिटी क्लिनिक

डा. बीरेन्द्र कुमार
अर्थोपैडिक सर्जन
एमबीबीएस, डी.अर्थो पीएमसीएच
एफआईएमएस ( युके )
चिकित्सा पदा. अनुमंडलीय अस्पताल, डुमरांव
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ

डा रविशंकर कुमार
एमबीबीएस, एमडी स्कीन
एक्स रेजिडेंस आईजीआईएस, पटना
चर्म रोग विशेषज्ञ
चर्म रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

मोबाईलः- 9122226720
पता- सुमित्रा कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमरांव

## खबरें फटाफट

### क्शन मोड में आएं बलिया के बीएसए

**बलिया।** जनपद में गैर मान्यता प्राप्त संचालित हो रहे विद्यालयों के खिलाफ बीएसए मनीष कुमार सिंह का तेवर तल्ख है। इसके लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए बीएसए ने अवैध रूप से संचालित विद्यालयों के प्रबन्धकों के विरूद्ध सम्बन्धित थाने में एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया है। यही नहीं, बीएसए ने कृत कार्यवाही से एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट तलब किया है। कहा है कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय। खंड शिक्षा अधिकारियों के नाम से जारी आदेश में बीएसए ने कहा है कि जनपद में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है, जो शासन और विभागीय नियमों के विरूद्ध है। आप सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पूर्व में भी लिखित एवं मौखिक रूप से ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया जाता रहा है, किन्तु आप द्वारा न तो कोई कार्यवाही की गयी और न ही किसी कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत ही कराया गया, जो अत्यन्त खेद का विषय है।

### पीएम की रैली में जाएंगे 50000 लोग

**बलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से असहाय, गरीब, बंचितों के लिए कार्य सरकार कर रही हैं वह काबिले तारीफ है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर हमेशा से गरीबो असहायों के लिए सड़क से सदन तक लड़ कर हक दिलाने का काम किया है। उक्त बातें ब्लाक परिसर में भासपा ब्लाक समन्वयक समिति के बैठक के दौरान कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए सुभासपा प्रदेश प्रवक्ता सुनील सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि आगामी अक्टूबर महीने में आजमगढ़ जनपद के मार्टिनगंज में प्रधानमंत्री के होने वाली रैली में बलिया से पचास हजार कार्यकर्ताओ को लेकर जाना हैं। इसके लिए कार्यकर्ता आज से ही कमर कस ले तथा गांव गांव इस बात को बताने के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनने का काम बलिया के कार्यकर्ता करेंगे। ब्लाक समन्वयक समिति के पदाधिकारी व सदस्य गांव गांव जाकर चौपाल लगाने के साथ ही सरकार की उपलब्धियों को बताने के साथ ही रैली में अधिक से अधिक लोगो को चलने के प्रेरित करना है।

## मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को दिया गया टास्क

# हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारी में लगें अधिकारी: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**

मेरी माटी, मेरा देश एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों को कार्ययोजना बनाकर इसकी तैयारी में लग जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव योजना के समापन समारोह के अन्तर्गत पूरे देश में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ 9 अगस्त को होगा। इसमें ग्राम पंचायत, नगर पालिका व नगर पंचायतों में 9 अगस्त को बैठक कर शिलाफलकम के लिए स्थान का निर्धारण, अमृत कलश के लिए मिट्टी का संग्रहण, 10 अगस्त को परिषदीय विद्यालयों में प्रभात फेरी, तिरंगा यात्रा का आयोजन, स्वतंत्रता संग्राम स्थलों व शहीद स्मारक स्थलों पर स्वच्छता अभियान, 11 अगस्त को विद्यालयों में वीरों की गाथा से संबंधित कहानियों का वाचन, पौधों का वितरण एवं बिक्री स्थल का चिन्हांकन, राशन की दुकानों पर मेरी माटी मेरा देश अभियान हेतु बैनर, पोस्टर व स्टैंडी के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।



वहीं, 12 अगस्त को नव युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र के सदस्यों द्वारा मेरी माटी मेरा देश मिनी मैराथन का आयोजन तथा शहीद स्मारक स्थलों पर पुलिस बैंड का वादन, 13 अगस्त को ग्राम पंचायतों में रंगोली प्रतियोगिता, आजादी के नायकों पर आधारित एकल अभिनय, प्राथमिक विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों हेतु मध्यान्ह विशेष भोजन की व्यवस्था, 14 अगस्त को अमृत सरोवरों पर प्रभात फेरियों का आयोजन, स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष स्वच्छता अभियान व 75-75 स्वच्छग्राहियों का सम्मान, 15 अगस्त को समस्त ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों में मिट्टी का कलश तैयार करना, झंडारोहण राष्ट्रगान का समूह गायन, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीद जवानों के परिजनों का सम्मान, वसुधा वंदन के तहत 75 पौधों का रोपण कर अमृत वाटिका का निर्माण जैसे प्रमुख कार्य किए जाने हैं। इसी प्रकार ब्लॉक स्तर पर 16 से 20 अगस्त के मध्य कार्यक्रम होंगे, जिसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत व नगर पंचायत से संग्रहित मृतिका कलश का संग्रहण, विकासखंड पर ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में समस्त जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी व अन्य सम्मानित नागरिकों के द्वारा 75 पौधारोपण कार्य जैसे प्रमुख कार्य किए जाएंगे।

**प्रत्येक घर में वितरण किया जाएगा झंडा :** हर घर तिरंगा कार्यक्रम भी 9 से 15 अगस्त तक होगा। जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र आशा बहुओं, बीट कांस्टेबल, लेखपाल, शिक्षामित्र के माध्यम से गांव के प्रत्येक घर में झंडे का वितरण किया जाना है। झंडों का क्रय-विक्रय राशन की दुकानों, ग्राम पंचायत भवनों, जन सेवा केंद्र, तहसील व विकास खंड कार्यालय, प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पैट्रोल पंप व एलपीजी सेंटर से किया जा सकेगा। शहरी क्षेत्र में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, सीडीएस, एनयूएलएम-एसएचजी, निगम पार्षदगण, बीट कांस्टेबल, लेखपाल एवं शिक्षा मित्र के माध्यम से प्रत्येक घरों में झंडा वितरण का कार्य किया जाना है।




## डॉ अंबेडकर, कांशीराम साहब के बाद हमारे नेता ओवैसी : मुकुल देशमुख

**केटी न्यूज/बलिया**

ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक बैठक पार्टी के कैंप कार्यालय बहेरी बलिया में आयोजित की गई। इस अवसर पर हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल देशमुख ने बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब नीतियों से प्रभावित होकर प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान के हाथों पार्टी की सदस्यता ली, प्रदेश संयुक्त सचिव ने पार्टी टोपी पहना कर और पार्टी का झंडा देकर उनको पार्टी के सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर एडवोकेट मुकेश देशमुख ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर,मान्यवर कांशी राम साहब के बाद अगर दलितों,पीड़ितों, और मुसलमानों के लिए पूरे देश में कोई आवाज उठा रहा है तो वो शख्स केवल बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब हैं,हम लोग



ए आई एम आई एम पार्टी और बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब के लिए जी जान लगा देंगे। प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यको की पहली पसंद एआईएमआईएम बनती जा रही है। पूरे देश में पार्टी की लहर चल रही है। इस अवसर पर पूर्वांचल के पूर्व महासचिव कालिका प्रसाद, संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला संगठन मंत्री मुदस्सीर अंसारी, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला संयुक्त सचिव शमशीर अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, मीडिया प्रभारी अनीस अहमद, जैनुल बशर, मोहम्मद नौशाद, राम कुमार राजभर, छोटे राजभर, बेचन राजभर, मनोज शेखर इत्यादि लोग मौजूद रहे।




## हाथीपांव के मरीजों को दी गई एमएमडीपी किट, सहयोगी संस्थाओं ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

# फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल जरूरी

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में गुरुवार को दुबहड़ ब्लॉक के अंतर्गत फुलवरिया ग्राम के शिव मंदिर परिसर में जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने कैम्प आयोजित कर 49 फाइलेरिया रोगियों को फाइलेरिया प्रभावित अंगो की रुग्णता प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के साथ ही उन्हें एमएमडीपी किट भी प्रदान की। इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

प्रशिक्षण में जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर जनित रोग है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। इसे लिम्फोडिमा (हाथी पांव) भी कहा जाता है। यह न सिर्फ व्यक्ति को दिव्यांग बना देता




है बल्कि इस वजह से मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इससे बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आस-पास व अंदर साफ - सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और समय-समय पर रुके हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल आयल, डीजल का छिड़काव करते रहें।

**एमएमडीपी किट के प्रयोग करने का तरीका :** एमएमडीपी किट में हाथ धोने का साबुन, टब, बाल्टी, मग,तौलिया, ग्लब्स एवं आवश्यक दवा आदि शामिल हैं। इनका प्रयोग करने के लिए बाल्टी में पानी भर लेना है,टब में पैर रख कर घुटने के ऊपर से नीचे की तरफ पैर के पंजे तक मग की सहायता से पानी गिरा कर धो लें। उसके उपरांत साबुन लेकर हाथ में अच्छे से झाग बना लें ,पूरे पैर पर अच्छे से साबुन लगा के हल्के हाथों से मालिश करें, फिर पैर को अच्छे से धो कर तौलिया से सुखा लें उसके उपरांत आवश्यकता हो तो एंटीफंगल एंटीबैक्टीरियल क्रीम लगा लें जहां पर चोट हों। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया के मरीजों के प्रभावित अंग को अच्छी तरह से साफ रखना चाहिए, जिससे किसी प्रकार के संक्रमण से मरीज न प्रभावित हो। इसके लिए उन्हें साफ-सफाई और दवा का सेवन नियमित रूप से करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोग से बचने के लिए एमडीए अभियान के दौरान दो वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को दवा का सेवन कराया जायेगा। गर्भवती व गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं खानी है।

# जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने को जनसहभागिता जरूरीः सीएमओ

❐ 10 अगस्त को शुरू होने वाले एमडीए अभियान को लेकर कार्यशाला

**केटी न्यूज/चंदौली**

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कैंप कार्यालय में जनपद में 10 अगस्त से शुरू हो रहे सामूहिक दवा सेवन (आईडीए) अभियान को लेकर मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें फाइलेरिया के उन्मूलन को लेकर चर्चा की गई।

अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. युगल किशोर राय ने कहा कि जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए 10 से 28 अगस्त तक आईडीए राउंड संचालित किया जाएगा। यह अभियान बरहनी ब्लाक को छोड़कर जनपद के शेष आठ ब्लाकों व शहरी क्षेत्र में चलाया जाएगा। बरहनी में पिछले दिनों ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे (टास) किया गया था। इसमें एक प्रतिशत से कम माइक्रो फाइलेरिया दर देखने को मिली। इससे ब्लाक को फाइलेरिया मुक्त घोषित कर दिया गया है। सदर, नियमताबाद को भी उन्मूलन की ओर ले जाया जाएगा। कहा कि आईडीए राउंड में जनपद के तहत जिले की करीब 19.40 लाख आबादी को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर व स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने समक्ष दवा खिलाएंगे। सभी दवाएं पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। यह दवाएं उम्र और ऊंचाई के अनुसार खिलाई जाएंगी। दवाएं खाली पेट नहीं खानी है। एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं खानी है। इस दवा के साल में एक बार और पांच साल लगातार सेवन करने से हम फाइलेरिया से सुरक्षित हो सकते हैं। नोडल अधिकारी डा हेमंत कुमार, मलेरिया अधिकारी पीके शुक्ला, राजीव सिंह आदि चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।



## घर-घर जाकर सत्यापन नहीं कर रहे बीएलओ

**चंदौली।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मतदेय स्थल सम्भाजन एवं अन्य बिंदुओं के संदर्भ में बैठक हुई। इस दौरान सर्वप्रथम मतदेय स्थल के सत्यापन के पश्चात चकिया विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में किए गए गए कुल चार परिवर्तनों से सभी राजनीतिक दलों को अवगत कराते हुए उन्हें मतदेय स्थलों की सूची उपलब्ध कराई गई तथा उनसे इस पर आपत्ति और सुझाव देने के लिए कहा गया। इसके साथ ही निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित बनाने के लिए बीएलओ के सहयोग हेतु विधानसभावार बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त कर सूची उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों घनश्याम प्रधान (जिलाध्यक्ष बसपा), संतोष कुमार पाठक (आम आदमी पार्टी) द्वारा अवगत कराया गया कि बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सत्यापन कार्य नहीं कराया जा रहा है।

# डीएम ने जिले में नई सर्किल दरें लागू करने का लिया निर्णय



**गाजीपुर।** जनपद में लागू की जाने वाली नई सर्किल दरों के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी की बैठक राइफल क्लब सभागार में आयोजित हुई। जिसमें कमेटी द्वारा समस्त तहसीलों के ग्रामों व क्षेत्रों में प्रस्तावित कृषक, अकृषक एवं वाणिज्यिक दरों की समीक्षा की गई। प्रस्तावित मूल्यांकन सूची के संबंध में तहसील स्तर व जनपद स्तर पर आपत्तियां आमंत्रित की गई थी।बैठक में प्राप्त आपत्तियों की भी कमेटी ने समीक्षा की। बैठक में कमेटी द्वारा वर्तमान मूल्यांकन सूची में व्याप्त विसंगतियों पर भी चर्चा की गई। तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारियो ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से नए मार्गो एवं चौड़ीकरण से प्रभावित क्षेत्रों एवं विकसित बाजारों की निर्धारित दरों को बाजारू मूल्य के बराबर लाने एवं सूची को तार्किक एवं पारदर्शी बनाने के भी निर्देश दिए। अन्त में प्रस्तावित मूल्यांकन सूची के संबंध में प्राप्त आपत्तियों एवं बैठक में कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में प्रस्तावित मूल्यांकन सूची में दरों का पुनः परीक्षण कर तीन दिन में कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करने पर सहमति बनी। बैठक में अरूण कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी, प्रेमप्रकाश सहायक महानिरीक्षक निबंधन व समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, उप निबन्धक, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता एवं नेशनल हाई-वे के भी अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**गाजीपुर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वावधान में विकास खंड भांवरकोल परिसरे में प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें युवा कल्याण विभाग द्वारा युवक एवं महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरुप खेल सामग्री का वितरण हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भांवरकोल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद राय मुन्ना द्वारा खेल सामग्री वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रवि शंकर प्रसाद, प्रांतीय रक्षक दल के जवान सुदर्शन, ओमप्रकाश राय, अमरनाथ उपाध्याय, संजय, शम्भू एवं विकाड खंड के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा मंगल दलों का उत्साहवर्धन कर उन्हें सरकार की विभिन्न नीतियों से जुड़ने के लिए उत्साहित किया गया।

### एफआईआर निरस्त कराने के लिए एसपी से मिले मनोज

**चंदौली।** किसान नमन दुबे प्रकरण को लेकर सैयदराजा के पूर्व विधायक व सपा नेता मनोज सिंह डब्लू शुक्रवार को एसपी डॉ. अनिल कुमार से मिले। पुलिस लाइन में हुई मुलाकात के दौरान मनोज सिंह डब्लू ने धानापुर के किसान नमन दुबे पर दर्ज किए गए एफआईआर को खत्म कराने का बात कही। बताया कि नमन दुबे किसान हैं और उन पर राजनीति से प्रेरित होकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। उनका गुनाह सिर्फ इतना है कि कैनाल पर पहुंच कर उन्होंने खेतों के लिए पानी की मांग की थी, जो सरासर गलत है। कृषि प्रधान देश व कृषि प्रधान जनपद में किसानों का दमन उचित नहीं है। पुलिस लाइन से बाहर निकलने के बाद सपा नेता सीधे मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि धानापुर के किसान नमन दुबे पर सैयदराजा विधायक के इशारे पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के साथ ही उसे शांति भंग की आशंका में धारा-151 के तहत जेल भेज दिया। तीन दिनों तक जेल में रहने के बाद परिवार के लोगों ने किसी तरह नमन दुबे की जमानत कराई।

## पिता की आंखों के सामने हमीद सेतु से नदी में कूद गई छात्रा

# पिता ने आवाज लगायी तो बेटी हाथ जोड़ गंगा में कूदी, नहीं मिला सुराग

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

शहर कोतवाली क्षेत्र के रजागंज पुलिस चौकी अंतर्गत हमीद सेतु से एक 20 वर्षीय छात्रा ने पिता के आंखों के सामने ही नदी में छलांग लगा दी। घटना की खबर मिलते ही? मौके पर राहगीरों की भीड़ इकट्ठी हो गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से गंगा नदी में उसकी काफी तलाश की मगर उसका कहीं अता-पता नहीं चला। बता दें कि मौके पर पहुंचे छात्रा के पिता संतोष उपाध्याय ने उसकी पहचान शालू उपाध्याय (20) निवासी सब्बलपुर खुर्द कोतवाली जमानियां के रूप में की। घटना के बाद छात्रा के घर परिजनों का जहां रो- रो कर बुरा हाल है, वहीं गाँव में घटना के बाद से ही सन्नाटा पसरा हुआ है।



मौके पर पहुंचे छात्रा के पिता संतोष उपाध्याय ने बताया कि वह गांव में किसी काम से गए थे कि उनकी पुत्री ने एक पन्ने पर गाजीपुर जाने की बात कह अपनी मां को एक कागज का टुकड़ा पकड़ा दिया और टेंपो से गाजीपुर के लिए निकल गई। पिता ने बताया कि जब वह अपने घर आए तो उनकी पत्नी ने उक्त कागज दिखाया, तो उन्हें शक हुआ और वह बाइक लेकर गाजीपुर के लिए निकल पड़े। पिता संतोष उपाध्याय ने बताया कि वह बाइक से अपनी पुत्री को खोजते हुए हमीद सेतु पर पहुंचे, तो उनकी नजर पुल पर पैदल जा रही बेटी पर पड़ी। बताया कि जब मैंने अपनी बेटी को रूकने के लिए आवाज लगाई तो उसने हाथ जोड़ते हुए पुल से उनके सामने ही नदी में छलांग लगा दी। पिता ने बिलखते हुए बताया कि वह उनकी होनहार बेटी थी, जो अपने तीनों बहनों में सबसे बड़ी थी। वह बीए तृतीय वर्ष की छात्रा थी। पिता ने बताया कि वह गाँव पर ही रहते हैं।

छात्रा की तलाश में तीन चक्र में घंटों चला सर्च आपरेशन : गाजीपुर। शहर से सटे हमीद सेतु से गंगा नदी में कूदी छात्रा की तलाश जिला प्रशासन ने वाराणसी की एसडीआरएफ की सहायता से शुरू कर दी। शुक्रवार को पूरे दिन एसडीआरएफ के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद हफीज खां के नेतृत्व में? करीब एक दर्जन जवानों की टीम ने छात्रा की तलाश शुरू की। नदी में करीब 25 किमी तक तीन चक्र में घंटों सर्च आपरेशन चलाया गया। मगर गंगा नदी में अभियान के विपरित पानी के तेज हिलोरों के चलते कामयाबी नहीं मिल सकी। उधर अपनी बेटी के मिलने की आस में नदी किनारे टकटकी लगाए बैठे पिता संतोष उपाध्याय व अन्य परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल था। स्थानीय पुलिस व जिला प्रशासन भी अपने स्तर से लापता छात्रा की तलाश को लेकर जगह -जगह नाविकों के सहारे जुटी रही। दूसरी तरफ लोगों के जेहन में यह सवाल कौंध रहा है कि आखिर छात्रा क्यों व किन परिस्थितियों में ऐसा आत्मघाती कदम उठाने को विवश हुई।




# बाल शिशु गृह में मिली खामियों की होगी जांचः डॉ. देवेन्द्र

**केटी न्यूज/चंदौली**

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष (राज्य मंत्री) डा देवेंद्र शर्मा ने कहा कि पीडीडीयू नगर में बाल शिशु गृह की जांच में खामियां उजागर हुई हैं। इसकी जांच कराकर संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, ताकि बच्चों का भविष्य अंधकार में न होने पाए। कहा कि सभी विद्यालयों में मलेरिया की दवा का छिड़काव करने का निर्देश दिया गया है, ताकि मच्छर न पनपने पाएं। वह शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित डाक बंगले में पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे थे।



कहा कि बच्चों में आई फ्लू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। बताया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत कोरोना काल में अनाथ हुए बच्चों के लिए सरकार संवेदनशील है। बच्चों को चार हजार रुपये मासिक के साथ पठन-पाठन के लिए लैपटाप का वितरण किया जा रहा है। वर्ष 2020 के बाद जिन बच्चों के माता , पिता की मृत्यु हो गई है उन्हें दो हजार रुपये प्रतिमाह दिया जा रहा है। कन्या सुमंगला योजना के तहत शून्य से 18 वर्ष की किशोरियों पर सरकार विशेष रूप से ध्यान दे रही है। एक सवाल के जवाब में कहा कि जो बच्चे भिक्षा वृत्ति कर रहे हैं , उन्हें शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

## ग्राम चौपाल में हुई गर्भवतियों की गोद भराई

**चंदौली।** सकलडीहा विकास खंड के जीवनपुर व पटपरा गांव सभा में चलो चंदौली ग्राम चौपाल प्रशासन आपके द्वार जन चौपाल के तहत भाजपा चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं समस्याओं से अधिकारीगण रूबरू हुए। जन चौपाल के दौरान खंड विकास अधिकारी केके सिंह ने सरकार के विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी ।गांव की तमाम समस्याओं से ग्रामीण रूबरू भी हुए। कहा कि हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय ने कहा कि आवास,शौचालय, जल जीवन मिशन, वृद्धा, विधवा विकलांग पेंशन सहित तमाम कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आप तक सीधे पहुंचाने का काम किया जा रहा है। जन चौपाल में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का रस्म पूरा किया।




## चंदौली सहित डीडीयू मंडल के साथ रेलवे स्टेशनों की बदलेगी सूरत

# कल पीएम मोदी विकास कार्यों का करेंगे शिलान्यास

**केटी न्यूज/चंदौली**

मार्च माह तक जिला मुख्यालय पर स्थित चंदौली मझवार रेलवे स्टेशन के साथ पीडीडीयू मंडल के सात रेलवे स्टेशनों की सूरत बदली नजर आएगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चंदौली के साथ दुर्गावती, कुदरा, भभुआ रोड, सासाराम, अनुग्रह नराययन रोड के साथ गया रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विकास किया जाएगा। छह अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकास कार्यों का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास करेंगे। मार्च तक कार्य पूरा हो जाएगा। चंदौली मझवार रेलवे स्टेशन पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय सभागार में कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डीआरएम राजेश गुप्ता ने बताया कि रेलवे देश भर के 508 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुर्नविकास करा रही है। इसमें पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के चंदौली मझवार और गया रेलवे स्टेशन सहित सात स्टेशनों का पुर्नविकास किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अगस्त की सुबह 11 बजे सभी स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास करेंगे। कहा कि रेल मंत्रालय की ओर से अमृत भारत स्टेशन योजना नाम से स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिए एक नई नीति तैयार की गयी है। अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना की गई है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इन स्टेशनों पर भविष्य में यात्रियों की सुविधा, सुगमता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार स्टेशन भवन, प्रवेश एवं निकास द्वार, फुटओवर ब्रिज, कॉनकोर, प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया, पार्किंग, दिव्यांग सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता व्यवस्था, पहुंच पथ, संकेत एवं निर्देश बोर्ड, ट्रेन डिस्प्ले और उद्घोषणा प्रणाली, सुंदरीकरण आदि का कार्य कराया जाएगा। वार्ता के दौरान एडीआरएम दिलीप कुमार, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधांशु रंजन, मंडल वाणिज्य प्रबंधक दीपक कुमार, सीनियर डीईएन गति शक्ति अभिषेक साव आदि रहे।



**21.70 करोड़ से होगा चंदौली रेलवे स्टेशन का विकास :** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चंदौली मझवार रेलवे स्टेशन के विकास पर पर 21.70 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसी तरह गया जंक्शन पर लगभग 299 करोड़ रुपये की लागत संवारा जाएगा। अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर लगभग 13 करोड़, सासाराम स्टेशन पर 21.32 करोड़ भभुआ रोड 24.22 करोड़, कुदरा 18.76 करोड़ और दुर्गावती स्टेशन को 18.04 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

## उपमुख्यमंत्री ने कलेक्ट्रेट सभागार में पदाधिकारियों के साथ की बैठक, कहा-

# गोंड व खरवार जाति के पात्र लाभुकों को नियमानुसार प्रमाण पत्र जारी करें

**केटी न्यूज/मऊ**

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक व विकास से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता एवं आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाने की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए उपमुख्यमंत्री ने अभियान चलाकर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाने एवं मुख्यमंत्री आरोग्य योजना में छूटे पात्र लोगों को भी आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने के निर्देश दिए।



जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष 63% से भी ज्यादा गोल्डन कार्ड बनने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया एवं शेष सभी पात्रों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। जनपद में गोंड एवं खरवार जाति के प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर उन्होंने जिलाधिकारी को इस संबंध में आवश्यक बैठक कर पात्र लोगों के जाति प्रमाण पत्र नियमानुसार बनाने को कहा। खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जनपद में अब तक कटे यूनिट एवं खाली यूनिट की जानकारी लेते हुए कार्ड धारकों के नाम कटने की जांच कमेटी गठित कर कराने के निर्देश दिए। धारा 124 के तहत पारित आदेशों का अनुपालन भी सुनिश्चित करने के निर्देश उपमुख्यमंत्री द्वारा दिए गए। उन्होंने तालाब, चारागाह एवं चकमार्ग पर अवैध अतिक्रमण को हटाने एवं गरीब अतिक्रमणकारियों को वैकल्पिक व्यवस्था होने के बाद ही विस्थापित करने के निर्देश दिए।

बैठक में ह्यमेरी माटी मेरा देशह्य एवं 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लेते हुए उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रमों से जुड़े समस्त विभागों को समय से सारी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिये, ताकि कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित हो सके। इस दौरान उन्होंने शीलाफलकम के निर्माण एवं झंडे की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति एवं ओवर बिलिंग की शिकायत पर उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत को अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों की नियमित समीक्षा करने और लापरवाह कार्मिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने आपूर्ति की समस्या को दूर करने हेतु तत्काल प्रयास करने के निर्देश दिए।

## जमानियां तहसील में मुख्य तहसील दिवस आज

**गाजीपुर।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए मुख्य तहसील दिवस जमानियॉ तहसील में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की जाएगी। इसके अलावा सभी तहसीलों में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार ने समस्त जनपदवासियों से अपील किया कि मुख्य तहसील जमानियॉ में स्वयं उपस्थित होकर किसी भी प्रकार की समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराएं एवं अन्य तहसीलों में उपजिलाधिकारी की उपस्थिति में भी जन समस्या का निस्तारण किया जाएगा।

## 9 से 16 अगस्त तक होगा सबजूनियर फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

**केटी न्यूज/मऊ**

जिला क्रीड़ाधिकारी मुकेश कुमार सब्बरवाल ने बताया कि खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के तत्वावधान में यू०पी० फुटबाल एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेश स्तरीय सबजूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 16 अगस्त तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय आगरा में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला खेल कार्यालय द्वारा जनपदीय सब जूनियर बालक फुटबाल चयन पांच अगस्त को डा० भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जा रहा है।

उक्त चयन में प्रतिभाग करने वाले सबजूनियर बालक फुटबाल खिलाड़ियों की जन्मतिथि 01 जनवरी 2010 से 31 दिसम्बर 2011 के मध्य होनी चाहिये। जिसमें खिलाड़ियों को पात्रता प्रमाण-पत्र, खिलाडियों को जन्मतिथि प्रमाण-पत्र (हाई सकूल सर्टिफिकेट/नगर निगम द्वारा जारी प्रमाण पत्र) के साथ छाया प्रति सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्य से प्रमाणित साथ में लाना अनिवार्य है। इच्छुक सबजूनियर बालक फुटबाल वर्ग खिलाड़ी इस चयन / ट्रायल में भाग ले सकते हैं। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी दिनांक 07 अगस्त को सुखदेव पहलवान स्टेडियम, आजमगढ़ में आयोजित मण्डलीय दायल में भाग लेंगे। उपरोक्त ट्रायल्स में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित तिथि को समय से स्टेडियम में उपस्थित होकर प्रतिभाग करें।

## बच्चों को स्काउट गाइड का दिया गया प्रशिक्षण

**गाजीपुर।** बीआरसी स्थित कन्या कंपोजिट विद्यालय रेवतीपुर के बच्चों को जिला स्काउट मास्टर श्रीकांत सिंह की उपस्थिति में स्काउट मास्टर संतोष कुमार गुप्त द्वारा स्काउट गाइड का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मार्च पास्ट, ड्रिल, स्काउट ताली, रस्सी द्वारा विभिन्न प्रकार की गाठों को बांधने की जानकारी दी गई। इस मौके पर खंड शिक्षाधिकारी अशोक गौतम ने कहा कि एक स्काउट गाइड अनुशासित और ईमानदार होता है और यही चीजें उसे महान बनाती हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण शुक्ल ने स्काउट गाइड प्रशिक्षण को बच्चों के नैतिक उन्नयन के लिए अति आवश्यक बताते हुए उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनिता चौरसिया और अन्य शिक्षक मौजूद रहें।







